भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1298
उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2025

आंध्र प्रदेश में डाकघरों का डिजिटलीकरण

1298. श्री मेदा रघुनाधा रेड्डी :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आंध्र प्रदेश में डाकघरों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) आंध्र प्रदेश में ऐसे डाकघरों की संख्या कितनी हैं जिन्हें इंटरनेट से जोड़ा नहीं गया है, तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) राज्य में सभी डाकघरों के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) आंध्र प्रदेश में डाकघरों की कुल संख्या 10670 (प्रधान डाकघरों, उप डाकघरों और ग्रामीण शाखा डाकघरों सहित) है।

(ख) आंध्र प्रदेश के सभी डाकघरों में इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध है।

(ग) आंध्र प्रदेश के सभी डाकघरों का डिजिटलीकरण पूरा हो गया है।

*****